हाँ, ज़रूर उसे कह सकती हूँ जीवनीपरक उपन्यास। लेकिन मैंने थोड़ा देखो जीवनी और उपन्यास में फरक है। जीवनी में यथार्थ होता है, वास्तविकता होती है, लेकिन उपन्यास में कुछ मिलावट तो होता है। क्योंकि कुछ चीज़ें है जो हम नहीं कहना चाहते है जो न समाज के हित में है और यह भी कभी सोचेगा कि परिवार क्या सोचेंगे। उसमें ज़्यादा नहीं है सच छुपाने का। मैंने बोल दिया जो मुझे लगा जो जीवन था पिताजी का। पर उनका जीवन आदर्श जीवन था। देखिए, गलतियाँ तो होती है सभी में। कोई आदमी तो भगवान नहीं होता। उसमें कमियाँ भी होती है। फिर भी ज़्यादा कमियाँ मुझे दिखी नहीं। पिताजी शादी के बाद मुझे छोड़ दे तो पता नहीं क्या होती आजकल। कम से कम आज मेरी विश्वास है पिता और ऊपर वाले के कृपया से मैं थोड़ा अपना जगह बना चुकी हूँ। नहीं तो मैं नहीं बना पाती। कुछ तो मेरी इच्छा थी और मेरे पिताजी का बहुत 'सपोर्ट' था। छोटी मोटी गलतियाँ तो सबको होता है। हमें थोड़ा समाज को देखना है।

19.आपको कभी भी किसी रचना पुस्तक प्रकाशन के बाद ऐसा सोच विचार पैदा हुई कि यह कहानी, पात्र और भूमिका इस प्रकार नहीं होनी चाहिए?

नहीं, नहीं; इस तरह से मैंने नहीं सोचा। जब लिखती हूँ लिखते-लिखते कहीं न कहीं पहुँच जाती है। मैंने जीवन जैसे देखा और उसीके अनुरूप मैंने लिखा। कहीं-कहीं अनुभव भी लिखते है और कल्पना भी होते है; उसमें तो कई हिसाब है। फिर भी मैंने कोशिश की है कि सच लिखूँ। जो ज़रूरत नहीं मैं हटा देती हूँ।

20.आपने स्त्री पर खूब लिखा है और आपके उपन्यास स्त्री केन्द्रित है; आप स्त्री पात्रों को काफी प्रमुखता दिए है। आप इस पर टिप्पणी दे सकती है?

मैंने अपने स्त्री पात्रों के माध्यम से यह बताना चाहती हूँ कि हमें पता है स्त्री कहीं कमज़ोर भी है और विरोध भी करती है। मेरे स्त्रियाँ अपनी आचरण से बताती है

हालत। 'अपने-अपने कोणार्क' में भी ऐसी अनेक स्थितियाँ है स्त्रियों की। कोणार्क की कुनी की कई समस्याएँ है और वह सिद्धार्थ से प्यार हो जाता है लेकिन शादी नहीं हुआ। घर की बड़ी लड़की की शादी अगर नहीं हुआ तो हालत खराब होता है। देखो, बाद में उसकी शादी डॉ. अनिरुद्ध से होता है, वे पहले ही शादीशुदा है एवं उनके अपने दो बच्चे हैं। कुनी का दुख तो है अन्तर बेचारी। देखो, जीवन लम्बा नहीं है अगर तुम्हें कुछ करना लगता है तो कोशिश तो करो। कुनी को लगा कि आदमी तो ठीक है और बहुत ज़्यादा उम्मीद तो वो करती भी नहीं अपनी जीवन में।

21. आपके उपन्यासों में बदलते पारिवारिक मूल्यों पर विचार स्पष्ट दिखाई देती है। 'बाकी सब खैरियत है' उपन्यास का पात्र अनुपम है। वह विदेश में रहता है तो पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित हो जाता है। उनका घर का हालत बिल्कुल अलग है। क्या आपको लग रहा है कि भारतीय संस्कृति को दीमक लग रहा है?

देखिए, अगर उस तरह सोचेंगे तो कह सकते है, पर यह मानूँ कि मैं इस तरह नहीं सोचती। देखो जब हम संस्कारों और संस्कृति की बात करते है तो हमें देखना चाहिए आज की सन्दर्भ में। आप देखो, पुराने ज़माने की बात अलग थी। माहौल ऐसा था और सोच ऐसी थी, लेकिन अब बहुत बदल गया है। 'साइन्स' ने इतना बदल दिया है हमें आज किसी से डरता नहीं है। दूसरी बात यह है कि शिक्षा से हम बहुत बदल गए है और हम अपने पाँव पर खड़े रहते हैं। यह भी बहुत बड़ा कारण है बदलाव का और समय का प्रभाव तो है हर कहीं।

देखो, संस्कार क्या होता है? यह होता है तुम्हारा आचरण, तुम्हारा व्यवहार, तुम्हारा सोच विचार, तुम्हारे जीवन शैली यह सब है उसमें। धर्म के बारे में अगर बात की तो तुम्हारा धर्म तुम्हारा और मेरा धर्म मेरा है और धर्म यही है जो दूसरों के प्रति करुणा है, दया है, सहभाव है ये सब चीज़ें हैं। हमारे मूल्यों में तो थोड़ा बदलाव आ रहा है, संपत्ति आधारित दुनिया है आज का; जिनके पास धन है उसे समाज मानेगा। मतलब

संपत्ति आधारित समाज में मूल्य बदलते है। पहले ज़माने में तो माँ बाप बीमार होने से बच्चे उनके साथ रहकर सेवा करते थे, स्पर्श करते थे, लेकिन आज ऐसा नहीं सिर्फ पैसा भेज देते है और सेवक रखने को कहते है; ऐसा भी तो है समाज में। हमें बड़ों के प्रति आदर की भाव होना चाहिए।

22. आपने अधिकतर कश्मीर के दर्द, सुख, वहाँ के समस्याएँ और लोकजीवन पर लिखा है। आपके तीन उपन्यास 'ऐलान गली ज़िन्दा है', 'यहाँ वितस्ता बहती है' और 'कथा सतीसर' में कश्मीरी की आतंकवाद के बारें में व्यक्त की है। इसका कारण आपकी जन्मभूमि कश्मीर होना है या और कोई कारण है?

देखो, हमारे अनुभव वहाँ से आती है जहाँ तुम्हारी ज़मीन है। मैंने कश्मीर में जन्मी और पली। 'ऐलान गली ज़िन्दा है' में अपना जीवन बताया। हमें बहुत अच्छी संस्कृति विरासत में कश्मीर से मिली थी। तुम सोच नहीं सकती किस तरह था जीवन हमारा। वहाँ हिन्दू- मुसलमान कम नहीं देखते थे और सूफियों का बहुत प्रभाव रहा है वहाँ।

23. इतिहास साक्षी है कि आतंकवादियों द्वारा अनेक परिवारों को कश्मीर से निष्कासित किया गया था। और कई परिवारवालों एवं बन्धुजनों को भी निष्कासन की त्रासदी भोगमी पड़ी। आप यह सब बहुत सालों के बाद कैसे याद करती है?

एक अर्थ में मैं भाग्यवान थी। क्योंकि मेरी पति को वहाँ नौकरी नहीं मिली। वो पिलानी में डॉक्टर् थे। आतंकवाद में कुछ भी हो सकता है, हमारा सब कुछ खो गया। अब सोचने से बुरा लगता है। फिर भी मुझे याद है कि हम जाते थे साल में एक बार पूरे महीना केलिए। हमने सोचा था कि 'रिटाइरमेंट' के बाद आएंगे वापस। घर तो घर ही था। कश्मीर कौन छोड़ेगा। हमारा बहुत 'गार्डेन' था उसमें गुलाब थे। कश्मीर की ज़मीन भी बड़ी उपजा हुआ था। कश्मीर की हालत ठीक नहीं है। सब 'करेप्टेड' है इधर से उधर से सब।

24.आपकी राय में कश्मीर की समस्या पहले से कम होगई है क्या?

देखो, बाहर से तो थोड़ा लगता है शान्ति। लेकिन अन्तर की हालत पता नहीं चलता कहाँ क्या विस्फोट होता है। मुझे लगता है हालत सुधरेंगी, पर समय लगता है। 'कथा सतीसर' में मैंने आतंकवाद से जुड़ी समस्याओं के बारें में विस्तार से लिखा है। गरीब आदमी सिर्फ शान्ति चाहता है अपने परिवार का। हम उम्मीद करेंगे कि हालत बदलेंगे।

25. आपने 'सूरज उगने तक' कहानी संग्रह में लिखा है "मेरेलिए लेखन जहाँ भोगे हुए यथार्थ की अभिव्यक्ति है, वहीं अनुभव किए सत्य की भी। मैंने जिन सन्दर्भों एवं स्थितियों को सिद्धान्त से महसूस किया, व्यवस्था के जिन देशों ने मुझे दोषित किया, मैंने उन्हें अपनी रचनाओं में डाला। "क्या आपके सम्पूर्ण रचनाओं में भोगे हुए यथार्थ की अभिव्यक्ति की है?

नहीं नहीं, यथार्थ तो होता है लेकिन कल्पना, विचार, अभिव्यक्ति कौशल है तभी साहित्य बनता है। साहित्य एक बाह्य व्यवस्था होती है, उसमें समाज एवं अपने भीतरी संसार की अभिव्यक्ति भी होती है। ये बीतरी संसार और बाहरी व्यवस्था दोनों जब टकराते है यह एक दृढ़ात्मक स्थिती है। उसीसे कहानी निकलती है और उपन्यास निकलता है। क्योंकि कुछ चीज़ें हम पसन्द करते है बाहर की और कुछ चीज़ें आपके मन के अनुकूल नहीं होती तो आप विरोध करने लगते है, ये सब चीज़ें है साहित्य में। ऐसा नहीं अपना भोगा हुआ बोलते रहेंगे। अगर वो भोगा हुआ सच दूसरों के दूसरे के सच से मिलता है तब वो साहित्य बनता है। साहित्य में सहभाव तो होता है।

26. आज की इक्कीसवीं सदी की समसामयिक परिप्रेक्ष्य में सब लोग शिक्षित है, सब लोग अभी 'न्यूक्लियर फॅमिली' में भी है। फिर भी हमारा 'मेंटल हेल्थ' कम क्यूँ हो रही है? स्त्री को कभी ऐसा 'फ़ील' हो रही है कि वो 'भीड़ में भी अकेली' है।

हम शिक्षित है, फिर भी अकले हैं। इसका कारण यह है कि हम परिवार टूट रही है। जो समय बदला है उसमें दूरियाँ भी है नज़दीकियाँ भी है। अपना फ़ोन उठाओ कोई

अमरीका है तो भी तुम्हें सामने प्रकट होगा। अब दूरियाँ इसलिए है कि लोग अलग-अलग हो गए हैं परिवार टूट रहे हैं, ऐसे अनेक कारण है अकेलेपन का। स्त्री अकेलेपन इसलिए कि हमारा वातावरण बदल रहा है।

27. आप मेरे जैसे शोधार्थियों को क्या सन्देश देना चाहती है जी?

तुम अपना कर्म करो। अगर तुम तुम्हारा काम करोगी ईमानदारी से, तो एक समय आएगा; कोशिश तो करना है। सबके साथ मिलकर रहना चाहोगी और रिश्तों को बनाए रखो। अच्छे से करो सब कुछ अच्छा हो जाएगा।

आशीर्वचन पत्र

शोध छात्रा शमीना टी के शोध कार्य पर टिपण्णी
विषय-(चन्द्र कान्ता के उपन्यासों में स्त्री स्वत्व के विविध रूप)
शोध निर्देशिका : डॉ शोभना कोलकाडन !

मुझे प्रसन्नता है कि शमीना टी ने स्त्री स्वत्व जैसे ज्वलंत विषय पर शोध करने के लिए मेरे उपन्यासों को चुना है ।तेज़ी से परिवर्तित हो रहे आज के समय में जब स्त्रियों के सोच स्थिति,और जीवन शैली में काफ़ी बदलाव आए हैं , क़ानून ने स्त्री को पुरुष के समान अधिकार दिएहैं , शिक्षा , प्रॉपर्टी,आदि क्षेत्रों में स्त्रियाँ बराबर सक्रिय है। तब भी पुरुष वर्चस्व प्रधान समाज उसे बराबरी का अधिकार देने में कोताही कर रहा है। तमाम प्रगति के बावजूद ,घर -परिवार से लेकर सामाजिक-प्रशासनिक , हर क्षेत्र में चेतना संपन्न स्त्री अपने स्वत्व, अपनी अस्मिता को प्रमाणित करने के लिये बराबर संघर्ष कर रही है ।आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में स्त्री अस्मिता की कितनी कद्र है,इसका शमीना ने गहरायी से अध्ययन किया है ।बदलते संदर्भों में उपन्यासों में वर्णित स्त्री पात्रों की जीवन शैली ,विचारधारा और स्त्री संबंधी रूढ़ अवधारणाओं का विरोध ,गहरी अंतर्दृष्टि और स्त्री स्वत्व के आलोक में देख कर विश्लेषित करने का प्रयास किया है।कई उपन्यासों में आतंकवाद के कारण पीड़ित और प्रताड़ित स्त्रियों की मन:स्थिति ,साहस और विरोध की आवाज़ का शमीना ने यथार्थ के धरातल पर आकलन किया है ।स्त्री स्वत्व के विविध रूपों का श्रम पूर्वक अनुसंधान कर शमीना ने महत्वपूर्ण कार्य किया है ।मैं शमीना और उनकी शोध निर्देशिका को इस श्रम साध्य कार्य के लिए प्रशंसा करती हूँ ।उन्हें मेरा स्नेह भरा आशीर्वाद ।

चन्द्रकान्ता
April 2024
H N- 3020, secter -23
Gurgaon- 122017
—-+———————

Avinashilingam Institute for Home Science and Higher Education for Women
(Deemed to be University Estd. u/s 3 of UGC Act 1956, Category 'A' by MHRDRe-accredited with A++ Grade by NAAC, CGPA 3.65/4, Category I by UGC
Coimbatore - 641 043, Tamil Nadu, India

Appendix L2

(Item No 5 of Check List)

Details of Research Publications

Sl. No	Article	Journal	Other Details Vol/No/Page No/ Year	Published in UGC-CARE / Scopus Indexed/ Web of Science
1	स्त्री स्वत्व के विशेष संदर्भ में 'अर्थान्तर' उपन्यास - एक अवलोकन	बहुरि नहिं आवना (त्रैमासिक)	ISSN: 2320-7604 Vol: 25 October 21, Part- 1 Serial No: 143 Page No: 91- 94 Year: Oct- Dec - 2023	UGC-CARE GROUP - I
2	'बाकी सब खैरियत है' में स्त्री स्वत्व के विविध रूप- एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	बहुरि नहिं आवना (त्रैमासिक)	ISSN: 2320-7604 Vol: 26 Part- 1 Serial No: 143 Page No: 202- 205 Year: Jan- Mar - 2024	UGC-CARE GROUP - I

*Proof of list of Journals from Internet to be attached along with copies of reprints.

Scholar : Shameena T

Supervisor : Dr. Shobhana Kokkadan

Checked By: 4.4.2024

HoD/Dean of Respective School

The scholar Miss. Shameena, T. (20PHHIF001) has published her articles in the following journal:

1. Bahuri Nahi Awara – is indexed and active in UGC Care Group I from october 2021 to present.

This may be considered.

T. Shameena
08.04.24

स्त्री स्वत्व के विशेष संदर्भ में 'अर्थान्तर' उपन्यास–एक अवलोकन

–शमीना टी.
–डा. शोभना कोक्काडन

सारांश

मानव समाज के पौराणिक काल से ही स्त्री अनेक संघर्षों को पार कर अपने स्वत्व की तलाश में भटकती रही है। वैदिक काल में स्त्री को पुरुष के साथ स्थान मिला था। बाद में पुरुष वर्चस्ववादी वा पुरुषसत्तात्मक मानसिकता ने स्त्रियों को मात्र एक भोग वस्तु माना। प्रथम विश्व युद्ध के समय से ही स्त्री की मानवाधिकारों को लेकर चर्चाएं उभरीं। लेकिन स्त्रीवादी एवं समाजवादी आंदोलन के पश्चात आज भी स्त्री अपनी स्वत्व की खोज में है।

प्रस्तावना

आधुनिक महिला उपन्यासकारों में प्रगतिशील एवं सशक्त लेखिका चन्द्रकान्ता का स्थान सर्वश्रेष्ठ एवं उल्लेखनीय है। कश्मीर में जन्मी अहिंदी भाषी हिन्दी साहित्य साधिका के रूप में उनका स्थान अद्वितीय है। उन्होंने समसामयिक परिप्रेक्ष्य में घटित नारी समस्याओं एवं संघर्षों को अवगत कराने हेतु अपनी तूलिका चलाई। चंद्रकान्ता का पहला समस्या प्रधान लघु उपन्यास है 'अर्थान्तर'। इसमें मानवजीवन की विभिन्न अनुभूतियों तथा मानवजीवन को कलुषित बनाने वाली मानवृत विभिन्न समस्याओं को उद्घाटित किया है। उन्होंने स्त्री स्वत्व का वर्णन प्रभावोत्पादक एवं कलात्मक इसमें मानवजीवन की विभिन्न अनुभूतियों तथा मानवजीवन को कलुषित बनाने वाली मानवृत विभिन्न समस्याओं को उद्घाटित किया है। उन्होंने स्त्री स्वत्व का वर्णन प्रभावोत्पादक एवं कलात्मक ढंग से किया है।

वर्तमान युग के दाम्पत्य जीवन में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पहले के जमाने में सिर्फ पति प्रमुख था। पुरुष को दाम्पत्य जीवन का एक सम्पूर्ण रक्षक एवं अधिकारी माना जाता था। स्त्री को सिर्फ एक गौण पात्र एवं भोग की वस्तु माना

जाता था। पुरुषसत्तात्मक आधिपत्यों में फंसे नारी अपने को चार दीवारों के अंदर बांधना नहीं चाहती थी। स्त्री का अपना अस्तित्व किसी भी क्षेत्र में नहीं था। लेकिन आज की स्त्री अपनी अस्तित्व की खोज में है। पत्नी अब पति की दासी न रहकर जीवनसाथी, सहयोगी, मित्र, प्रियतमा के रूप में समाज के समक्ष अवतरित हुई है। पत्नी भी पति की तरह स्वतंत्रता चाहती है।

पति-पत्नी एक दूसरे के प्रति समर्पित एवं प्रमाणिक होने से ही दाम्पत्य संबंध में मधुरता एवं दृढ़ता होती है। पति-पत्नी के बीच में छोटी-छोटी बातों में असमानता होती है। लेकिन वैवाहिक जीवन में शांत वा स्वस्थ दाम्पत्य बनाए रखने केलिए रिश्तों में सामंजस्य लाना अनिवार्य है। ''पति-पत्नी में सामंजस्य हो तो वैवाहिक जीवन सुख-शांतिपूर्ण बन जाता है।''[1]

अर्थान्तर उपन्यास में चंद्रकांता ने महिलाओं की मानसिकता और विवाहेत्तर अवैध रिश्तों से टूटे गए पारिवारिक विघटन को दर्शाया गया है। दाम्पत्य जीवन में कई प्रकार के कारणों से दाम्पत्य संबंध विघटित हो जाता है जिसमें प्रमुख है वैवाहिक अवैध संबंध। उपन्यास की नायिका कामिनी उर्फ कम्मो एक मध्यवर्गीय संस्कार सम्पन्न परिवार में पली-बड़ी युवती है। वह बचपन में ही माँ और मामा द्वारा परंपरागत विचार एवं संस्कार में रहने वाली है। वह अपने जीवन में सती-सावित्री जैसा व्यवहार एवं जिंदगी को चाहती है। लेकिन कम्मो की शादी आधुनिक विचार वाले विजय के साथ होती है। विजय एक बिजनेस मैन है। वह अपने जीवन में पैसे को अधिक महत्व देता है।

विजय के विवाहपूर्व और विवाहेत्तर अवैध संबंध है। वह एक ही समय में अनेक अनैतिक संबंध रखता है। विजय-कम्मो की शादी के दिन सुहागरात से पहले विजय और पड़ोस में रहनेवाली बुआ तारा की बेटी ऊषा के साथ घटी एक घटना को देखकर कम्मो को सिर्फ आघात ही नहीं बल्कि वैवाहिक जीवन की पवित्र संबन्धों का विश्वास भी टूट हो जाता है। कम्मो ने गलियारे के नीम अंधेरे में अपने पति और ऊषा को खड़े होकर देखा। उषा विजय से कहती है, ''तेरी दुल्हन के बदले मेरा दिल धड़क रहा है। देखो तो।''[2] यह कहकर उषा ने विजय के दोनों हाथों को खींचकर अपने उभारों पर रख लिया। यह देखकर कम्मो एकदम स्तब्ध हो जाती है।

कम्मो सोचती है, ''कम्मो विजय को कैसे बताए कि उस रात उसके एक मासूम विश्वास का कत्ल हुआ था। उसी ने राखी के स्नेहिल धागों का मजाक उड़ाया था, जिसे वह समग्र चेतना और अंतरंगता से मान देती आई है।''[3] यदि उषा विजय की बहन न होती तो शायद इस घटना को कम्मो नजरअंदाज करती।

कुंवारी के सपने, मीठे सहम भरी उत्सुकताएं, जिंदगी की आकांक्षाएं सब चूर-चूर हो जाती है। उसकी सभी कोमल भावनाएं एवं आकांक्षाएं वैवाहिक जीवन की कुछ पल की शुरूआत में ही समाप्त हो जाती है। पत्थर की मूरत जैसी बन जाती है। रात भर एक प्रतिमा की तरह सामने बैठी कम्मो को देखकर विजय आश्चर्य हो जाता है। कम्मो महसूस करती है कि रिश्तों में पवित्रता बनाए रखने और रिश्तों की मूल्यों को मानने में उषा तत्पर नहीं है। कम्मो को खुद महसूस हुआ कि जिस परिवार से वह जुड़ी है उस परिवार में कोई भी इन बातों को महत्व देता ही नहीं। यहाँ लेखिका ने विजय और कम्मो के विवाहोत्तर संबंध से हुए त्रासदीपूर्ण जीवन को चित्रित किया है।

विवाह के पश्चात अगर पति-पत्नी के बीच में आत्मसमर्पण, वैचारिक एकता और सौहार्दता का अभाव हो तो सफल दाम्पत्य संबंध बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। साथ ही साथ यह संबंध सिर्फ असफल न होकर तनाव का एक कारण भी बन जाता है। विजय अपनी पत्नी से सिर्फ दैहिक संबंध चाहता था। लेखिका ने लिखा है, ''कम्मो उस सुविधा का अंगमात्र थी, जिसका विजय अपने मूड के अनुसार उपयोग करता था।''[4] इसके फलस्वरूप जिंदगी में कम्मो को अकेलापन और तनावग्रस्त महसूस होने लगा। वह भी अपनी जिंदगी में स्वतंत्रता चाहती है। वह हमेशा अपनी स्वतंत्रता के अस्तित्व की खोज में लगी रहती है। शादी के आठ दिन पश्चात ही पति नौकरी के सिलसिले में मुंबई चला जाता है। यहाँ कम्मो को चोट लगती है। वह कम्मो को साथ ले जाने को तत्पर नहीं था। इसी आघात में वह स्वत्व की खोज करने का प्रयास करती है।

विवाह के कुछ महीने पश्चात विजय की फाइलें साफ करते समय कम्मो को जूली और विजय की एक फोटो मिलती है। कम्मो को मालूम हो जाता है कि विजय का अवैध संबंध सिर्फ उषा से ही नहीं बल्कि जूली जैसी अन्य स्त्रियों से भी है, जिसके कारण वह अपने पति के साथ तन-मन से तालमेल एवं समर्पण नहीं रख पाती। वह अपने परंपरागत विचार और संस्कृति को मन में उमड़ती भावनाओं से मेल नहीं कर पाती।

कम्मो, पति विजय से अपने लिए अधिक वक्त न दे पाने की शिकायत करती है, ''मगर तुम्हारे बिजनेस के मारे तो मेरी रातों की नींद भी गायब होती जा रही है।''[5] कम्मों पढ़ी-लिखी संस्कार सम्पन्न मध्यवर्गीय युवती है। वह अपने

को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। इसलिए वह शादी के बाद की अकेलेपन को दूर करने हेतु दूसरे शहर जाकर अकेली रहना चाहती है। वह मात्र पत्नी बनकर ससुराल में नहीं रहना चाहती थी, विशेषकर पति की अनुपस्थिति में। वह जीना चाहती है स्वतंत्र अस्तित्व की तलाश में। लेकिन उसके इस सोच-विचार और निर्णय से सास-ससुर, माँ-बाबू जी सहमत नहीं थे। लेकिन वह अपने निर्णय के प्रति अटल रहे। ''कम्मों एक बार फिर जिद पर आ गई। पराश्रित होकर कम्मो जीना न चाहेगी। माँ ने दलीलें दीं, सास जी ने लक्ष्मण रेखाओं की ओर संकेत किया। कम्मो फिर भी न झुकी।''[6] वह अध्यापिका बनकर अपना अस्तित्व की खोज में जीना चाहती थी।

यह दाम्पत्य जीवन में उत्पन्न समस्याओं पर आधारित उपन्यास है। यहाँ लेखिका ने दाम्पत्य जीवन के खोखलेपन तथा मानवीय विघटन की त्रासदी को ठीक तरीके से पाठकों के सामने प्रस्तुत किया है। नायिका कम्मो विश्वास के क्षय के फलस्वरूप उत्पन्न समस्याओं से पीड़ितग्रस्त है। वैवाहिक जीवन की शुरूआत के दिन में ही विश्वास को ठोकर लगाना तत्पश्चात पति का अपने बिजनेस में खो जाना, इससे पति-पत्नी के सम्बन्धों में अंतर आ जाता है। यह दोनों में तनाव बढ़ने का कारण हो जाता है। इसी तनाव के कारण कम्मो सहध्यापक सत्य की ओर आकृष्ट हो जाती है, उसे चाहती है'' अनेक संशयों के बीच कांपते-सहमते भी कम्मो ने उस स्पर्श को पूरे मन से स्वीकार लिया। ''कम्मो ने उस सैलाब को अपने भीतर सोखना चाहा।''[7]

कम्मो, सत्य शर्मा के संपर्क में आती है जो एक अवसरवादी स्वार्थी व्यक्ति है। वह कम्मो के अकेलेपन का फायदा उठा लेता है और बाद में उसे निरंतर टालता रहता है और अंत में यही कहता है, ''तुम्हारी चाह अधूरी थी, कम्मो।''[8] वह सत्य के प्रति अपने मानसिक एवं शारीरिक द्वंद के कारण आकर्षित होती है। वह एक ओर सत्य के प्रति अपने को पूर्णतः समर्पित होना चाहती है तो दूसरी ओर फिर से मन में द्वंद उभर कर आता है। अपनी जिंदगी में पूरी तरफ से उलझन महसूस होने लगती है। आखिरकार, जिंदगी में एक प्रकार की अधूरापन ही रह गया है। ''रात तकिए पर सिर रखते ही कम्मो के गले का मंगलसूत्र छाती में गड़ता गया। छाती से हटाया तो गले को रेतने लगा। अंधेरे में भयानक आँखें उसे बींधने लगीं। न जाने कहाँ से आकर फन उठाए नाग डंसने के लिए झटपटने लगे। शोर रले-मिले स्वर, अस्पष्ट अनुगूंजे। कम्मो ने कान बंद कर लिए। फिर भी पूरी रात वह क्रॉस पर लटकती रही और कम्मो कोई भी निर्णय न ले सकी।''[9]

पति की अनुपस्थिति में वह पूरी तरफ से अकेली थी। कम्मो में स्थित मानसिक द्वंद सत्य के कथन से अधिक स्पष्ट हो जाता है, ''जुबान से कुछ बदलने, कुछ तोड़ने की बात करना सरल होता है कम्मो। मैं जानता हूं, एक निरर्थक से अनचाहे बंधन को तुम उम्र भर स्वयं अस्वीकार करती रहोगी।''[10] इसी मानसिक द्वंद के कारण कम्मो न पति से जुड़ पाती है, न सत्य और न ही प्रशांत से।

इस उमड़ते मानसिक अकेलेपन एवं द्वंद के फलस्वरूप वह पति होते हुये भी प्रशांत को भी चाहती है और जबर्दस्त रिश्ता बनाती है। लेकिन उसमें भी वह संतृप्त नहीं थी, कहीं-कहीं उसे संदिग्धता महसूस होने लगती है। ''कम्मो प्रशांत को चाहती है पर उसे कभी नहीं कहती कि कम्मो अकेले कोनों को सह नहीं पाती। उसे भीड़ में ही रहने दो प्रशांत!''[11] प्रशांत की ओर आकर्षित होकर रात दस बजे प्रशांत को फोन करके बुलाती है। 'कह दिया न बात करने का मन है। चले आओ।' 'कहाँ ?' 'मेरे घर पर। अकेली हूं'।[12] कम्मो पूर्णता की चाहत में अन्य पुरुषों की ओर आकर्षित होती है।

कम्मो सत्य और प्रशांत के साथ अवैध संबंध रखने का मुख्य कारण पति पर निर्भरता है। वैवाहिक जिंदगी की पहले दिन में हुई घटना से कम्मो का दिल टूट गया है। अपने टूटन को जोड़ने हेतु और अकेलेपन को दूर करने हेतु वह सत्य से प्यार करती है। सत्य कहता है, ''तुम्हारे सिवा कम्मो, तुम्हारे सिवा। मुझे और कुछ नहीं चाहिए, कुछ नहीं।''[13]

विवाहपूर्व संबंध

उषी और विजय के बीच में विवाह पूर्व वासनात्मक संबंध है। रिश्ते से विजय की बहिन है उषी, लेकिन वह रिश्तों के मूल्यों को पवित्र नहीं माना है। इसी प्रकार विजय और जूली भी विवाहपूर्व संबंध रखते हैं।

विवाहेतर संबंध

उषी की माँ तारा बुआ स्वार्थवश विवाहेतर संबंध रखती है। तारा अपने पति के बचपन के दोस्त पुष्कर से अवैध सम्बंध रखती है। बेटी उषी मना करने पर भी वह रिश्ता नहीं छोड़ती बल्कि अवैध सम्बंध को आगे बढ़ाती है। मतलब ''तारा बुआ सम्पूर्ण जिंदगी चाहती थी, अपनी औसत जिंदगी असमय बुढ़ापे पति और समय से पूर्व जवान होते तीन बच्चों के बीच।''[14] इसके लिए उसे पुष्कर का आश्रय अनिवार्य माना। यह उषी और माँ के बीच में हुआ संवाद में द्रष्टव्य है।

'दीवारों के पलस्तर उखड़ रहे हैं। बरसात में क्या होगा ?' 'तेरे अंकल से बात करूंगी, किसी कारीगर को भेज देंगे।' 'माँ, अंकल गई रात तक घर नहीं जाते। पड़ोसवाले बातें करते हैं।' 'बेटा आज मसालेदार मटन बनाना। तुम्हारे बाबूजी को सर्दी की शिकायत है।' 'माँ मैं अंकल की बात कर रही हूं।' 'उषी तुम्हारे बाबू के कफ में खून के जर्रे है। यह देखना ज्यादा जरूरी है।''[15] यहाँ उषी की माँ परिवार को चलाने हेतु अंकल से शारीरिक संबंध रखती है और घर के आवश्यकताओं को पूरा करती है। पति का इलाज भी अंकल द्वारा ही करती है।

नगरोन्मुख नारी

शादी के कुछ समय बाद कम्मो और विजय दोनों छोटे शहर से महानगर में आ चुके हैं। वे पूरी तरह से महानगरीय व्यस्त और गतिमान जिंदगी जीते हैं। यहाँ के लोग एक-दूसरे को अजनबी और अपने-अपने दायरों में कैद महसूस होते हैं। इसी अजनबीपन से किसी को न बाहर आने की इच्छा है, न बात करने का समय। कम्मो कहती है, ''पड़ोस में कोई जन्म लेता तो लाखों करोड़ों में एक और की वृद्धि हुई। जान लोग अधिक-से-अधिक नाक भौं सिकोड़कर टीकों की चर्चा भर करते, कोई मर जाता तो चार दिन बाद पड़ोसी जान जाता कि उसके पास दवाई के लिए पैसे नहीं थे। सामने झोपड़ पट्टियों में रोना-चीखना, गाली-गलौच निरंतर कुछ-न-कुछ चलता रहता। किसी की बेटी धंधा करती, किसी की बीवी। कोई पॉकेट मारकर परिवार का पोषण करता, कोई हाड़तोड़ मजूरी कर। 'किसी को क्या फर्क पड़ता है 'वाली बस्ती में सभी केवल साँस को बरकरार रखने में व्यस्त।'' [16] तनावग्रस्त जिंदगी के बारे में लेखिका कहती है, ''संपूर्णता? कहाँ होती है संपूर्णता? चाहे-अनचाहे किस संबंध में? कम्मो खंडों में बंटकर भी जिएगी, क्योंकि जीना हर स्थिति में महत्वपूर्ण होता है।''[17]

निष्कर्ष

प्रस्तुत उपन्यास के माध्यम से लेखिका ने महानगरीय लोगों की जिंदगी की गतिविधियों, कुंठाओं, असंतोषों का अंकन यहाँ पर सही ढंग से किया है। यह एक समस्या प्रधान लघु उपन्यास है, इसमें मध्यवर्गीय परिवार की वैवाहिक जीवन में आए खोखलेपन, टकराहट, मानसिक द्वंदों का सही चित्रण किया गया है। इसमें चंद्रकांता जी ने आधुनिक नारी की द्वंद्वग्रस्त मनः स्थिति और जीवन शैली का सराहनीय वर्णन करने के साथ-साथ अवैध संबंधों का भी उल्लेख किया गया है। मानवजीवन की विभिन्न अनुभूतियों तथा मानवजीवन को कलुषित बनाने वाली विभिन्न मानवृत एवं अन्य समस्याओं को मार्मिक प्रभावोत्पादक एवं कलात्मक ढंग से अभिव्यक्त करने में उनका रचना कौशल अत्यंत सराहनीय है। चंद्रकांता जी की रचनाएँ व्यक्ति, समाज और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का ठोस प्रमाण सिद्ध हुई हैं। चंद्रकान्ता के कथा साहित्य में भारतीय संस्कृति एवं विभिन्न धर्म और जातियों के समन्वय भावना का वर्णन हमें देखने को मिलते हैं।

पारिवारिक जीवन की दुर्दशा का मुख्य कारण है व्यावहारिक जीवन की शिक्षा का अभाव। चंद्रकांता के उपन्यास अर्थान्तर में प्रतिबिम्बित हर एक छोटी-बड़ी समस्याओं का वर्णन संदर्भोचित, स्वाभाविक एवं प्रभावी ढंग से हुआ है। उनमें सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, समस्याएं प्रमुख रूप से उभरकर सामने आई हैं। समाज के विस्तृत फलक के अंतर्गत के पारिवारिक जीवन, विवाह, नारी समस्याएं, नारी शोषण, अविवाहित नारी की मानसिक व्यथा जैसी मुख्य समस्याओं को सूक्ष्माति सूक्ष्म अंकन किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ

1. डा. पद्मा चामले, आधुनिक हिन्दी कहानियों में युवा मानसिकता, पृ. 54
2. अर्थान्तर, चंद्रकान्ता, अमन प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, कानपुर, उत्तर प्रदेश, 2020, पृ. 29
3. वही, पृ. 30
4. वही, पृ. 59
5. वही, पृ. 56
6. वही, पृ. 53
7. वही, पृ. 49
8. वही, पृ. 50
9. वही, पृ. 49
10. वही, पृ. 50
11. वही, पृ. 39
12. वही, पृ. 72
13. वही, पृ. 49
14. वही पृ. 26
15. वही, पृ. 27
16. वही, पृ. 59
17. वही, पृ. 79

शमीना. टी (शोधार्थी)
और **डा. शोभना कोक्काडन** (शोध निर्देशिका)
हिन्दी विभाग
अविनाशिलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइन्स
एंड हायर एडुकेशन फॉर वुमेन
कोयम्बत्तूर, तमिलनाडु

'बाकी सब खैरियत है' में स्त्री स्वत्व के विविध रूप एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

—षमीना. टी
—डॉ. शोभना कोक्काडन

सारांश— इक्कीसवीं सदी के ख्याति प्राप्त कश्मीर में जन्मी अहिन्दी भाषी हिन्दी साहित्य साधिका के रूप में महिला लेखिका चन्द्रकान्ता का स्थान अद्वितीय है। उन्होंने अपने सृजनकार्य द्वारा समसामयिक परिप्रेक्ष्य में स्त्री द्वारा भोगे हुए संघर्षों, कुरीतियों, त्रासदियों, विसंगतियों, कुंठाओं, संघर्षशील उदासीन स्त्रियों के द्वंद्वों, आत्मसम्मानहीन स्त्री के विविध परिवर्तनों एवं अस्तित्वहीनताओं को समाज के समक्ष अवगत कराने हेतु अपनी तूलिका चलाई।

बीज शब्द : अस्तित्व, संघर्ष, आत्मसम्मान, अंर्तद्वंद्, अवैध सम्बन्ध, मूल्य विघटन

प्रस्तावना—आधुनिक हिन्दी साहित्य की एक विशिष्ट ख्यातिप्राप्त सशक्त साहित्य साधिका के रूप प्रशंसनीय लेखिका चन्द्रकान्ता ने 'बाकी सब खैरियत है' उपन्यास के माध्यम से मानव जीवन की विभिन्न अनुभूतियों तथा मानव जीवन को कलुषित बनाने वाली मानवकृत विभिन्न समस्याओं को उद्घाटित किया है। उन्होनें स्त्री स्वत्व के विविध रूपों एवं संघर्षरत स्त्रियों की अस्तित्वहीनता को प्रभावोत्पादक एवं कलात्मक ढंग से उजागर किया है। चन्द्रकान्ता ने अपने भोगे हुए यथार्थ के द्वारा समाज में घटित स्त्री की पीड़ाओं को समझकर उसे न्याय देने का प्रयास किया है। उन्होंने सामाजिक प्रतिबद्धता, मानवीय मूल्य-दृष्टि एवं मानवीय संवेदना से परिचालित होकर समाज में घटित तत्कालीन समस्याओं और विसंगतियों को अवगत कराने में खुद अभि प्रेरित चेतना दिखाई। उन्होंने अपने लेखन कौशल के माध्यम से स्त्री के मन की अंर्तद्वंद्वों, सच्चाईयों, खुद भोगे हुए कटु अनुभवों एवं तदयुगीन समाज में घटित विभिन्न प्रकार की नकारात्मक परिस्थियों, विसंगतियों एवं अवस्थाओं पर प्रकाश डाला। एक दायित्वपूर्ण लेखिका की भूमिका ईमानदारी से निभाने के नाते स्त्री के युगीन समस्याओं, स्त्री स्वत्व के विविध रूपों और अस्तित्वहीन स्त्रियों की आत्मसम्मानहीनता के कारणों को भी दर्शाने का प्रयास किया है।

एक आदर्शवादी यथार्थवादी लेखिका के रूप में मानवीय सम्बन्धों पर विघटित मूल्यों को समाज के समक्ष अभिव्यक्त करने में उनका रचना कौशल सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होनें समकालीन जीवन की बदलते मानवीय रिश्तों के बिखराव, आधुनिक विचारधारा से टूटे पारिवारिक सम्बन्धों, विसंगतियों एवं विद्रूपताओं, वैवाहिक जीवन के अवैध शारीरिक सम्बन्धों से त्रस्त एवं अस्तित्वहीन स्त्रियों के विघटित मूल्यों तथा अव्यवस्थित दुर्दशा के परिणामों को अपना लेखन का विषय बनाया। उन्होंने वही लिखा जो खुद भोगा और जो दूसरों को भोगते देखा, महसूस किया। ''महिला हूँ, पर लेखन खुद महिला समझकर नहीं किया। महिला-लेखन, पुरुष लेखन जैसी चीज मैं मानती नहीं।''[1] स्त्री को वे पारिवारिक सृष्टि में सक्षम, एक प्रयत्नशील तथा विवेकशील सामाजिक और अपने अधिकार कर्तव्यों के प्रति सजग एवं सक्रिय प्राणी मानती हैं। स्त्री-पुरुष के समान हकदार को एक सटीक नीति व्यवस्था मानती है।

सन् 1983 में प्रकाशित 'बाकी सब खैरियत है' उपन्यास के माध्यम से लेखिका ने मध्यवर्गीय परिवार के मानसिकता तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के बदलते अवमूल्य मानवीय सम्बन्धों को परखा है। एक संयुक्त परिवार के मध्यवर्गीय जीवन में आर्थिक समस्याओं की भूमिका को स्पष्ट करने वाला उपन्यास है 'बाकी सब खैरियत है'। प्रस्तुत उपन्यास में आर्थिक संतुलन के अभाव से त्रस्त पारिवारिक मूल्य विघटन की मानवीय सम्बन्धों को दर्शाने के साथ अपने पुत्रों की आर्थिक स्थिति को महत्व देकर तथानुरूप सम्बन्धों का निर्वाह करनेवाला माता-पिता के स्वभाव से उत्पन्न समस्याओं को भी चित्रित किया गया है। प्रस्तुत उपन्यास में संस्कारशील स्त्री पात्र 'पारुल' रूढ़ परम्पराओं से ग्रस्त परिवार में अपना व्यक्तित्व विकास करने में सक्षम नहीं है। बेटी ऋता मध्यवर्गीय संयुक्त परिवार की नयी पीढ़ी के युवती की भूमिका निभाती है। पुरुष पात्र अनु पाश्चात्य रंग से प्रभावित है। समाज में रहे महत्वाकांक्षी व्यक्ति का रूप अनु में देखने को मिलता है। 'विनु' संयुक्त परिवार की विभिन्न समस्याओं से जूझने वाला पात्र है। एक साधारण सी नौकरी करता है और साल भर में एक-दो महीने की छुट्टी पर आता है। छोटा लड़का पढ़-लिखकर डॉक्टर बनता है। अनु को

जब विदेश में पैसों की जरूरत थी, तब एक दोस्त ने उसकी मदद की। आर्थिक अभाव के कारण अपने माता-पिता और छोटे भाई की तीव्र उपेक्षा के शिकार बनकर विनु व्यथित होता जाता है और उस परिवार में विनु और पारुल अपमानित होकर संघर्षहीन जीवन व्यतीत करते हैं। ''पारुल सीमाओं की ही बात जानती है। उसके परिवेश ने शुरू से ही उसको सिमटने पर मजबूर किया है, हजारों-हजार लक्ष्मण रेखाएं खींचकर। कोई ताज्जुब नहीं कि एक दिन वह इतना सिकुड़ जाए कि छोटे से कीड़े-मकोड़े में समा जाये और स्वयं भी अपने आप को पहचान न सके।''[2] पारुल अपना मनचाहा घर कभी न बसा पाई। वह घर के परिवेश और परिस्थितियों में पति, सास-ससुर, देवर तथा बच्चे सहित कुंठित है। परन्तु वह परम्पराओं और संस्कारों से जकड़ी हुई थी। इसी कारण वह ऐसा कोई निर्णय नहीं ले सकी जिससे उसके सास-ससुर को कोई कष्ट पहुंचे। पारुल को अपने बच्चों का विद्रोह उचित लगने पर भी उसे शान्त कर देती है। बेटी की बात पर विचार करते हुए पारुल काँप गयी।" उम्र-भर बड़ों के आगे सिर झुकाकर, एक निर्देशित लीक पर चलने के सिवा उसने किया भी क्या है? अपनी कोई पहचान बना सकी है वह? परम्परा के निर्वाह, घर की झूठी इज्जत और बुजुर्गों के अहं को सिर-माथे धरकर वह घर-परिवार की मशीन का एक पुर्जा-मात्र बनकर ही तो घिसती रही। बेटी से उसने इतना ही कहा, मैंने तो हमेशा अपना कर्तव्य निभाया ऋतु।''[3] विदेश में सभी सुख सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन का आनंद उपभोग करने के कारण अनु का जीवन के प्रति दृष्टिकोण बदल जाता है। प्रेमिका 'सीमा' से चोट खाने पर उसने भाभी से कहा था कि जो लड़की पसंद आए उससे वह शादी करेगा। पारुल ने उसके लिए टिपिकल यू.पी. ढूँढ़ी। लम्बी चोटी और गर्दन से ऐड़ी तक साड़ी-ब्लाउज, पर जब वह कैनेडा गयी तो उसका रूप ही बदल गया। अनु जब से विदेश गया तब से उसकी सोच बदल गयी। उसका कहना था कि अरेंज्ड मैरेज क्यों जरूरी है?" क्यों अभी भी तुम लड़के-लड़की को अपनी जिन्दगी खुद बनाने नहीं देते, अपना साथी खुद चुनने नहीं देते? मैं सोचता हूं, यह अनावश्यक चिन्ता, हमारे बच्चों को कितना गैर जिम्मेदार बनाते हैं। बचपन से लेकर जवानी तक हम उनके लिए रास्ते क्यों बनाते हैं।''[4]

'बाकी सब खैरियत है' की कथा संयुक्त मध्यवर्गीय परिवार की बड़ी बहू पारूल और छोटे देवर अनु के इर्द-गिर्द घूमती है। संस्कारशील परिवार की बेटी पारुल अपनी रुचि को त्याग करके सास-ससुर और परिवार की सेवा में व्यस्त रहती है। महत्वाकांक्षी अन् पाश्चात्य संस्कृति में रंग जाता है। डा. रामचन्द्र तिवारी ने लिखा है–'' 'बाकी सब खैरियत है' में लेखिका ने यह दिखाने का प्रयन्त किया है कि एक संयुक्त परिवार में छोटा भाई विदेश जाकर आज की उपभोगवादी संस्कृति में इतना रंग जाता है कि सारे पारिवारिक मूल्यों को ताक पर रखकर अपने माँ-बाप, भाई-भाभी सभी से भावनात्मक स्तर पर अपने को अलग कर लेता है।''[5] सास और बहू के सम्बन्धों का इस उपन्यास में यथार्थ चित्रण पाया जाता है। अभावग्रस्त जीवन बिताने वाले बड़े बेटे की तुलना विदेशों में सुखमय जीवन बिताने वाले अपने छोटे बेटे से करने वाले माता-पिता द्वारा विनू और पारुल कुंठित एवं अपमानित होते हैं। पारुल जैसी हजारों स्त्रियाँ जो अन्त तक अपने मन से जी नहीं सकतीं। बड़े-बूढ़ों की पीढ़ी अंतिम दम तक अपने ढंग से ही जीना चाहती है जिन्हें उपन्यास समर्पित है।

सामाजिक विचारधारा में प्रगतिशील परिवर्तन आना स्वाभाविक है जिससे विचारों के विशिष्ट पद्धति के वातानुकूल तदयुगीन आदर्शों पर नया प्रभाव पड़ता है। स्वतंत्रता काल में जिन आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों को तदयुगीन सामाजिक विकास के मानदण्ड माना था, आज पीछे जा चुके हैं। परन्तु कई ऐसे प्राचीन मूल्य है जो आज भी समाज में स्वीकार्य हैं जिससे सामाजिक बंधनों एवं कुप्रथाओं में स्त्री जकड़ी हुई है। न उसे पढ़ने-लिखने का मौका है, न घर से बाहर जाने की अनुमति या इजाजत है और न अपने अस्तित्व के अनुरूप खुलकर सोचने एवं निर्णय लेने का अवकाश है। अनु की माँ प्राचीन विचारों से प्रभावित है। पारुल की शादी जब हुई थी तब से शुरू हुआ सास का अधिकार, सास उसे इजाजत के बिना घर के बाहर कदम भी नहीं रखने देती थी। सास की पसंद के कपड़े पहनने पड़ते थे और अपने बक्सों-अलमारियों की चाबियाँ सास को देनी पड़ती थी। एक बार बालों को रिबन बाँधकर रिश्तेदार के यहाँ जाने के लिए निकलती है तो सास उस पर गुस्साकर दुबारा बाल बनाने के लिए कहती है और जूड़ा बँधवाने का आदेश देती है। बहू पारुल को जब संगीत के कार्यक्रम हेतु स्टेशन में आमंत्रित किया जाता है तो सास उसका विरोध करती है। बेटी 'सरो' का उदाहरण देकर कहती है, ''सरो को तो दस जमात के आगे इसी डर से नहीं पढ़ाया कि कालेज में लड़कों के साथ पढ़ना पड़ता है और तुम अब गा-बजाकर पैसे कमाओगी।'' सास प्राचीन मूल्यों को छोड़ नहीं पाती। सास पड़ोस की औरतों के पास बहू की शिकायत करती है, ''एक मैं थी जो सास का सिर जरा-सा दुखता तो घंटों बैठी सिर दबाती। इधर लत्ते दर्द से खींची जा रही है, मगर कोई मलहम तक नहीं लगाता।''[6] पारुल की बच्ची ऋता जब कहा था कि उसके अन्य फ्रेंडस की तरह वह भी 'डेटिंग' चाहती है। तब पारुल को लगा विदेश आकर्षणों की भूल-भुलैया में वह अपनी बेटी को कब तक बचा पाएगा?

बीसवीं सदी के प्रगतिशील नवजागरण काल के

समाज सुधारकों ने स्त्री को विभिन्न बंधनों की साँकलों से मुक्तकर स्त्री स्वातंत्रय या स्त्री मुक्ति का नारा लगाया जिससे स्त्री अपने अधिकार और अस्तित्व के प्रति जागरूक हुई। वह भी पुरुष के समान कंधे-से-कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपने स्वत्व को निभाने के लिए कार्यरत हो गई जिससे उसकी हीन भावना नष्ट हो गई, आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान में वृद्धि आयी। स्त्री को उचित सम्मान मिला।'' आधुनिक युग में नारी के सहयोग से विश्व की सृजनात्मक आस्थामूलक पुनर्रचना करने की संभावना ने नारी को पुरुष के समकक्ष लाकर खड़ा कर दिया है।''[7] परंपरागत मूल्यों को उसने बदलने का प्रयत्न किया। आधुनिक नारी प्राचीन परंपराओं का त्याग पूर्णरूप से तो नहीं कर पाई है पर उन पुरानी सड़ी-गली परंपराओं से स्वयं को किसी सीमा तक मुक्त अवश्य करा पाई है।''[8] उपन्यास के पात्र 'निम्मी' अपने ढंग से और स्वतंत्रता से जीना चाहती है, परन्तु सास के साथ विचारों का अनमेल होने से टकराव होने लगता है, तो वह स्पष्टतः जेठानी से कहती है, ''हम अपने सुख-सुविधा छोड़कर इनके लिए कितना कुछ तो करते थे, लेकिन माँ कभी संतुष्ट हुई भाभी! आखिर, इन्हें भी समझना चाहिए कि सभी जीना चाहते हैं। जी चुके लोगों के लिए हम अपनी उगती जिंदगी का गला थोड़े घोंट सकते हैं।''[9] सास बहू पारुल के बक्सों-अलमारियों की चाबी अपने पास लेकर रखती थी, परन्तु निम्मी चाबी सौंपने से विरोध करती है। वह कपड़े भी अपने ढंग से पहनती है। पति को साफ-साफ सुनाती है, ''जो शख्स जमाने से ही नाराज हो, वह जमाने के साथ चलने वाले हर व्यक्ति से नाराज होगा और मेरी समझ में माँ की नाराजगी बिल्कुल नहीं आ सकती, इतना जान लो।''[10] वह किसी भी हाल में पिछड़ना नहीं चाहती है। इसी प्रकार पारुल की बेटी ऋता भी आधुनिक विचारों से प्रेरित दिखाई देती है। वह खुद की अलग पहचान बनाना चाहती है। समझौता उसे अस्वीकार है, जितनी भी जिंदगी मिलेगी वह अपनी सोच के मुताबिक जीना चाहती है। ऋता ने एक बार कहा था, ''चाचा-चाची बहुत अच्छे हैं, मगर वाई डोन्ट दे लीव अस अलोन। हमारे हर काम पर उनके दस्तखत क्यों जरूरी है''?[11] स्त्री आधुनिक प्रगतिशील विचारों के कारण अपने अस्तित्व को पहचानने लगी है। अधिकार और कर्तव्यबोध से भरी होकर कार्यरत होने में सजग हो रही है। अत्याचार और शोषण का सामना करने के लिए वह सिद्ध है। इतना ही नहीं वह अन्य स्त्रियों को भी अन्याय से मुक्ति दिलाने का प्रयास करती है।

लेखिका ने प्रेम एवं विवाह की समस्या का भी गहनता से चित्रण किया है। लेखिका ने विवाह पूर्व प्रेम का निरूपण करते हुए यह स्पष्ट किया है कि किशोरावस्था में भावनावश किया गया प्रेम का अंत तक निर्वाह नहीं होता। किसी एक का विवाह होने पर प्रेम की वहीं समाप्ति हो जाती है। अनु भावनावश सीमा की ओर आकर्षित होता है। अनु और सीमा दोनों डॉक्टर हैं। एक दूसरे को चाहते भी हैं। परन्तु उसका विवाह एक सम्पन्न घर परिवार में हो जाता है। अपने दर्द को अनु अपनी भाभी को इन शब्दों में व्यक्त करता है, ''जाने दो भाभी! वह सब शायद एकतरफा ही था। सीमा तो सभी के साथ खुलकर बोलने वाली लड़की थी। मैं ही गलत समझ गया। उसने शादी की बात सुनकर साफ कह दिया कि इसका फैसला उसके पिता ही करेंगे और पिताजी गुजराती ब्राह्मण को ज्यादा पसन्द करते थे।''[12] सीमा सुरक्षित होने पर भी स्वयं निर्णय लेने का साहस न कर पाई। वह अपने पारिवारिक परंपरा और मूल्यों को मानने के कारण अनु से विवाह करने में विवश रही। इसलिए इनके प्रेम की स्थिति यही रही। किसी आत्मीय क्षण में दोनों के भीतर उष्णता की लहरें उठी थीं। लेकिन काठ-कंक्रीट के तटों को छूकर बिखरने की नियति लेकर। किसी अवरोध को तोड़ने की शक्ति उनमें न थी। बस, किनारों की रेत-मिट्टी गीली करके वे अपने में सिमट आयी थी। अनु ने शायद तभी से सपने देखने शुरू किए थे। सीमा ने भी तो भरपूर साथ दिया था।''[13]

पारुल की बेटी ऋता उसकी अन्य फ्रेंड्स की तरह वह भी 'डेटिंग' करना चाहती है। 'आय एम ए बिग गर्ल पा' कहकर उसने बाय फ्रेंड्स बनाने की अनुमति माँगने लगी पारुल से।

मनुष्य हमेशा द्वन्द्वात्मक स्थिति से गुजरता है। इस द्वन्द्वात्मक स्थिति के बारें में डॉ. जौहरा अफजल लिखती हैं, ''वह परंपरा और आधुनिकता के बीच फंसकर रह गई है। न तो वह इन संस्कारों को पूर्ण रूप से त्याग पाई, न ही आधुनिकता को सम्पूर्ण रूप से अपना सकी है।''[14] उसका यह द्वन्द्व बदलते परिवेश के कारण जितना बन चुका है उतना ही भावुक स्वभाव और पुरुषों के समान जीने की लालसा के कारण भी। उसके व्यक्तित्व के नारी के द्वन्द्व की यह स्थिति उभरी है जहाँ उसने अपने व्यक्तित्व के निर्माण के निमित्त विचार और भावना का संतुलित ढंग से उपयोग किया है और जीवन को अपनी इच्छानुरूप जीना चाहा है। विचार और भावना का द्वन्द्व में कभी विचार प्रमुख हो उठे हैं और कभी भावना।''[15] पारुल में हमेशा कुछ करने, बनने की ललक है। वह संगीत, चित्रकला जैसे माध्यमों से अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहती है। उसे प्रगतिशील विचारों से प्रेरित होते हुए भी मर्यादाओं, संस्कारों के बीच दबकर चुप बैठने के लिए मजबूर होना पड़ता है, परिणामस्वरूप विचार और भावना का संघर्ष आरंभ होता है। पारुल के भीतर की कोई आवाज उसे डाँटने लगती है, तुम अपने कान बंद कर लिए। तुम्हारे भीतर की हौंस, कोई आवाज तुम सुन-समझ नहीं पाई।

तुमने आँख बंद की कि तुम अपने भीतर बनते विराट चित्रों को देख न सकी। तुम्हारे भीतर पंख फड़फड़ाते एक नन्हा पाखी उन्मुक्त आकाश में उड़ान भरना चाहता था, तुमने सभी दरवाजें-खिड़कियाँ बंद कर ली। तुम उसकी घुटन भारी मौत की जिम्मेदार हो।''[16]

बेटा अनु जब माता-पिता को विदेश लेकर गया, तब आरंभ में वहाँ की चकाचौंध और वैभव को देखकर वे अतिप्रसन्न होते हैं। परन्तु 'जनरेशन गैप' के कारण वे कुछ दिनों में भी अपनी जबान और बर्ताव से उनका दिल तोड़ देते हैं। उनका कहना था, ''जी चुके लोगों के लिए हम अपनी अगती हुई जिन्दगी का गला थोड़े ही घोंट सकते हैं?''[17] पारुल की जिन्दगी के हर रुकावटों का कारण एक ही स्त्री है उसकी सास जो हर क्षण में अपने विचारधाराओं के अनुकूल ही सोचती है, निर्णय लेती है। वह अपनी बड़ी बहू के खिलाफ ही ज्यादातर अनैतिक प्राचीन आदर्शों को लेकर सामने आती है। पारुल जैसी हजारों नारियाँ हैं जो अन्त तक अपने मन से जी नहीं सकतीं। सास ने बहू निम्मी को बाल काटने के कारण उसे बार-बार परकटी कहना, अलमारियों की चाभियाँ माँगना, पैडिडब्रा को छूकर पूछताछ करना, ससुर से बात करने पर शक करना निम्मी को बिल्कुल पसंद नहीं था। अपनी सास को देखकर, निम्मी को हमेशा गुजरे जमाने का कोई नायाब नमूना अकबरी लोटा या नूरजहाँ का दुशाला याद आता, जिसे एंटीको में शुमार करके घर में सजाया जा सकता है''[18] सास कहती है, ''ये आजकल की ये छोकरियाँ अदब सलीका क्या जानें? लिहाज शर्म क्या समझें! आँखों का पानी तो मर गया है। बहू तो पारूल ही है। बात-लात सहती है, पलटकर नहीं बोलती। आखिर वक्त की बहू है। अगेड़ी-पिछेड़ी में फर्क तो होगा ही।''[19]

प्रस्तुत उपन्यास के माध्यम से लेखिका ने महानगरीय लोगों के जिंदगी की गतिविधियों, कुंठाओं, असंतोषों का सही अंकन यहाँ पर सही ढंग से किया है। यह ऐसा एक उपन्यास है जिसमें मध्यवर्गीय परिवार की वैवाहिक जीवन में आए खोखलेपन, टकराहट, मानसिक द्वंदों का सही चित्रण है। यहाँ आधुनिक नारी की द्वंद्ग्रस्त मनःस्थिति और जीवन शैली का सराहनीय वर्णन करने के साथ-साथ अवैध संबंध का भी उल्लेख किया गया है। उनकी रचनाएँ व्यक्ति-समाज और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का ठोस प्रमाण सिद्ध हुई हैं। पारिवारिक जीवन, विवाह, स्त्री की समस्याएँ, स्त्री शोषण, अविवाहित स्त्री की मानसिक व्यथा जैसी मुख्य समस्याओं का सूक्ष्म अंकन किया है।

संदर्भ

1. समकालीन महिला लेखन, डा. ओमप्रकाश शर्मा, पृ. 36
2. बाकी सब खैरियत है, नेशनल पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली, संस्करण, 1983, पृ. 9
3. वही, पृ. 134
4. वही, पृ. 36
5. हिन्दी उपन्यास, डा. रामचन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, ससंकरण, 2006, पृ. 181
6. बाकी सब खैरियत है, पृ. 108
7. आधुनिक हिन्दी काव्य में नारी, डा. जे. एम. देसाई, पृ. 186
8. साठोत्तरीकथा-साहित्य में श्रमजीवी नारी, सं.नंदकिशोर मिश्र, भाषा अंक, नवंबर-दिसंबर, 1999, पृ. 78
9. बाकी सब खैरियत है, पृ. 51
10. वही, पृ. 53
11. वही, पृ. 130
12. वही, पृ. 75
13. वही, पृ. 76
14. साठोत्तरीकथा-साहित्य में श्रमजीवी नारी, सं. नंदकिशारे मिश्र, डा. जौहरा अफजल, भाषा, अंक 2, नवम्बर-दिसम्बर, 1999. पृ. 78
15. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी में नारी के विविध रूप, डा. गणेश दास, पृ. 179
16. बाकी सब खैरियत है, पृ. 8
17. वही, पृ. 51
18. वही, पृ. 53
19. वही, पृ. 55

–षमीना. टी

शोध छात्र, हिन्दी विभाग

अविनाशालिंगम इंस्टीट्यूट फार होम साइन्स एंड हाइयर एडुकेशन फॉर वुमेन, कोइम्बत्तूर, तमिलनाडु

–डॉ. शोभना कोक्काडन

शोध निर्देशक, अविनाशालिंगम इंस्टीट्यूट फार होम साइन्स एंड हाइयर एडुकेशन फॉर वुमेन, कोइम्बत्तूर, तमिलनाडु